
एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# कुछ नए, रोमांचक के साथ वापस आऊंगी : जेनिफर

अभिनेत्री जेनिफर विंगेट का शो बेपनाह ऑफ एयर होने जा रहा है। ऐसे में अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों को भरोसा दिलाया है कि वह जल्द ही कुछ नए व रोमांचक चीजों के साथ ऑनस्क्रीन वापसी करेंगी। जेनिफर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, थोड़े विराम के बाद मैं कुछ नए और ज्यादा रोमांचक के साथ वापस आऊंगी इसलिए विनम्रता से आपसे सम्मान करने का अनुरोध करती हूं। हर अंत के बाद एक नई शुरुआत होती है। नए अवतार के लिए साथ बने रहें। उन्होंने कहा कि हर अच्छी चीज का समापन होता है और जल्द ही पसंदीदा शो बेपनाह भी प्रसारित होना बंद हो जाएगा। अभिनेत्री ने कहा कि शो के प्रशंसकों के साथ-साथ वह भी दुखी हैं। ऐसी खबरें आई हैं कि जेनिफर और उनके सह-कलाकार हर्षद चोपड़ा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शो को जारी रखने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिसके चलते शो ऑफ एयर होने जा रहा है। कलर्स के इस शो में नमिता दुबे, राजेश खट्टर और सेहबान अजीम भी हैं। यह मार्च में शुरू हुआ था।



# बतौर कलाकार हमारे अंदर मनपसंद काम करने का जज्बा होना चहिए: करीना

अभिनेत्री करीना कपूर खान का कहना है कि अभिनेत्री या अभिनेता चाहे किसी भी माध्यम के जरिए जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसे करने का उनमें साहस और जज्बा होना चाहिए। करीना मंगलवार को यहां अपना रेडियो शो व्हाट वुमेन वान्ट विद करीना कपूर खान इश्क 104.8 पर लांच करने के दौरान मीडिया से बात की।

अभिनेत्री से जब पूछा गया कि क्या फिल्म उद्योग में अभिनेत्रियों के लिए अपने दिल की बात को मानना मुश्किल होता है क्योंकि अभिनेत्रियों से लगातार एक निश्चित तरीके से दिखने और काम करने के बारे में कहा जाता है और अगर वे मुंह खोलती हैं को किरदार गंवा देती हैं, इस पर करीना ने कहा, मुझे लगता है कि हर क्षेत्र में यह मुद्दा मौजूद है। हम इस बारे में बहुत सुनते हैं क्योंकि हम फिल्म उद्योग में हैं और इस क्षेत्र की रिपोर्टिंग ज्यादा की जा रही है।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा यकीन है कि यह हर जगह मौजूद है लेकिन मेरा मानना है कि आज हमारे पास काफी अवसर हैं और कई लीक से हटकर काम करने वाली अभिनेत्रियां हैं, चाहे वह राधिका आप्टे हों या सेक्रेड गेम्स की कुब्रा (सैत-जिन्होंने वेब सीरीज में ट्रांस जेंडर का किरदार निभाया)। तो, हमारे पास ऐसी लड़कियां हैं जो जवाब दे रही हैं और इस तरह के किरदार कर रही हैं, जो शानदार हैं।

इसलिए, मुझे लगता है कि हमारे अंदर बतौर अभिनेता या अभिनेत्री इस बात का जज्बा होना चाहिए कि यह है वह चीज है जिसे हम करना चाहते हैं और करने जा रहे हैं, फिर माध्यम कोई भी क्यों न हो। फिल्म वीरे दी वेडिंग की अभिनेत्री ने कहा कि उनका मानना है कि एक कलाकार का रंग-रूप, शरीर का आकार आदि चीजें बिल्कुल मायने नहीं रखती हैं। अगर आप अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं, तो फिर कड़ी मेहनत और प्रतिभा आपको जरूर कामयाबी दिलाएगी।



# 2019-20 में 6 फिल्मों में नजर आएंगे जॉन अब्राहम!

बॉलीवुड की मुलाकातें कभी यूं ही नहीं रहती, खासकर जब मुलाकातें जल्दी-जल्दी हों तो जरूर कोई बड़ी खबर आने के कयास लगाए जाने लगते हैं। हाल ही में एक्शन स्टार जॉन अब्राहम भी कुछ ऐसी ही मुलाकात करते नजर आए हैं। अब खबर है कि आने वाले साल यानी 2019-20 में जॉन 6 फिल्मों में बैक टू बैक नजर आने वाले हैं।

**ये दिग्गज होंगे साथ**

जी हां कुछ ही देर पहले तरण आर्दश ने एक तस्वीर के साथ यह खबर दी है। ट्रेंड एनालिस्ट तरण ने कुछ देर पहले एक तस्वीर के साथ जानकारी दी कि टी सीरीज से भूषण कुमार, जेए इंटरटेनमेंट से जॉन अब्राहम, मोनीशा आडवानी, मधु भोजवानी और एमी इंटरटेनमेंट के निखिल आडवानी जॉन अब्राहम के साथ 6 फिल्में बनाने जा रहे हैं। लेकिन एक प्रोजेक्ट ऐसा भी हैं जहां जॉन सिर्फ प्रोड्यूसर के तौर पर शामिल रहेंगे।

**जल्द होगी विस्तार से घोषणा**

इसके बाद ही एक दूसरी पोस्ट में तरण ने बताया है कि निखिल आडवाणी इन कॉमन प्रोजेक्ट्स में निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही वह निर्माता के रूप में भी टीम का हिस्सा होंगे। इन फिल्मों में जो दूसरे निर्देशक शामिल हैं उनमें गौरव चावला, समर शेख, काशी नायर और रणजीत तिवारी के नाम शामिल हैं। यह सभी 6 फिल्में 2019-20 के बीच सामने आएंगी। जल्द ही इनके बारे में डीटेल में जानकारी दी जाएगी।

बता दें कि जॉन इन दिनों अपनी फिल्म बाटला हाउस को कंप्लीट करने में बिजी हैं। जॉन ने कुछ दिन पहले बाटला हाउस का पहला पोस्टर रिलीज किया था, जिसमें उनका चेहरा नजर नहीं आ रहा था। लेकिन इस पोस्टर में आप सुपरकार्प स्टाइल के साथ अपने फेवरेट जॉन का टशन देख सकते हैं।

बाटल हाउस असल कहानी पर आधारित एक फिल्म है। यह कहानी बाटला हाउस एकाउंटर पर बेस्ड है, जिसमें फिल्म में मुख्य किरदार भारतीय सुपरकार्प और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की कहानी पर आधारित है। इसलिए इस फिल्म में एक्शन के साथ थ्रिल, सस्पेंस, इमोशन सब कुछ देखा जा सकता है।

# रजनीकांत और अक्षय कुमार की 2.0 ने किया धमाल, रिलीज से पहले कमाए 490 करोड़ रुपये

रजनीकांत और अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 2.0 रिलीज से पहले ही कई खिताब अपने नाम कर रही है। पहले तो इस फिल्म ने भारत की सबसे महंगी मूवी होने का खिताब पाया। फिर इसने अडवांस बुकिंग के जरिए 120 करोड़ रुपये की कमाई कर नया रेकॉर्ड बना डाला। अब फिल्म ने कमाई के मामले में एक और उपलब्धि हासिल कर ली है।

रिपोर्ट्स की मानें तो रिलीज से पहले ही इस फिल्म ने 490 करोड़ की कमाई कर ली है, जिसका मतलब है कि मेकर्स का प्रॉडक्शन का आधे से ज्यादा पैसा पहले ही वसूल हो गया है। जानकारी के अनुसार, फिल्म 2.0 को बनाने में करीब 540-550 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें से राइट्स और अडवांस बुकिंग के जरिए 490 करोड़ रुपये की कमाई की जा चुकी है।

ऑनलाइन रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने 2.0 के सैटलाइट राइट्स करीब 120 करोड़ में बेचे हैं। डिजिटल राइट्स करीब 60 करोड़ में बिके हैं। फिल्म के अडवांस राइट्स को 190 करोड़ में बेचा गया है और अडवांस टिकट बुकिंग के जरिए फिल्म पहले ही 120 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

बता दें कि, शंकर के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 29 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार विलन के रोल में नजर आएंगे वहीं रजनीकांत पहली रोबॉट फिल्म के किरदार चिट्टी व उसके अपग्रेड वर्जन के किरदार में दिखेंगे।

